# वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद

अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001
टेलिफोन: 23730456 (टेलिफैक्स), 23765091, 23715188 (टेलिफैक्स)
ई-मेल: surrenderkumar@csir.res.in

संख्या : 13 – 4 (2)/2018-19/Disposal/Waste paper

दिनांक: 16/07/2018

**Speed Post**

सेवा में

_______ Firms (As per List)

**विषय : पुरानी पुस्तकों, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, रिकार्ड, रद्दी कागज आदि के निपटान हेतु वार्षिक अनुबन्ध**

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि**: 31 जुलाई, 2018** के अपराह्न 3.00 बजे.

निविदा खोलने का समय व तिथि**: 31 जुलाई 2018** के अपराह्न 3.30 बजे.

श्रीमान जी ,

यह कार्यालय संलग्न फॉर्म पर उपरोक्त सामानों के निपटान के लिए वार्षिक अनुबन्ध हेतु दरें सीलबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं. इस प्रकार का सामान परिषद के i) रफी मार्ग स्थित मुख्यालय ii) **विज्ञान केन्द्र** (गैस्ट हाउस) लोदी गार्डन गेट नं. 2, iii) सी एस आई आर गैस्ट हाउस, आश्रम चौक, महारानी बाग़ से **"जैसा है जहॉं है"** के आधार पर उठाना होगा. ठेके की अवधि ठेका अवार्ड किए जाने की तारीख से एक वर्ष के लिए होगी. साल भर में निकलने वाली पुरानी पुस्तक, समाचार पत्र. रिकॉर्ड, रद्दी कागज आदि का कुल वजन 2000 से 2500 किलो के आस पास होता हैं. यह तौल सांकेतिक हैं और वास्तविक तौल घट या बढ़ भी सकती हैं.

**अनुबन्ध की शर्तें निम्न प्रकार होंगी: -**

1. **पूरे कलैण्डर वर्ष में निकलने वाले उपरोक्त सामान की एक मुश्त बोली (2500 किलो के लिए) संलग्न फार्म पर भर कर जमा कराई जाए.** सभी निविदाएं संयुक्त सचिव (प्रशासन), वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली- 110001 के पते से भेजी अथवा जमा कराई जाएं. निविदाएं सीलबन्द लिफाफे में रखकर व लिफाफे के उपर "रददी कागज आदि के निपटान हेतु निविदा", निविदा संख्या, खोलने का समय व दिनांक आदि लिख कर रिसैप्शन हॉल में रखे टेण्डर बॉक्स में डालें . **निविदादाता कृपया यह नोट करें की साल भर में बेचे गए कुल वजन के 2500 किलो से बढ़ने की स्थिति में उनके द्वारा दिए गए प्रत्येक क्विंटल की दर से बढे हुए रद्दी का मूल्य वसूला जायेगा. कुल वजन के 2500 किलो से घटने की स्थिति में उनको प्रत्येक क्विंटल की दर से घटी हुई रद्दी का मूल्य वापस कर दिया जायेगा.**

2. इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा सी एस आई आर के रिसैप्शन हॉल में रखे टेडर बॉक्स में **दिनाँक: 31 जुलाई, 2018** के अपरांह्न 3.00 बजे तक डाल सकते हैं. जोकि उसी दिन 3.30 बजे, निविदाकार यदि कोई उपस्थित है तो उनकी उपस्थिति में खोली जाएंगी

3. निविदा के साथ `5000/- का धनादेश संयुक्त सचिव (प्रशासन), वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली- 110001 के नाम किसी राष्ट्रीकृत बैंक से बनवाकर जमानत राशि के रूप में बनवा कर भेजें. बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा. बिना बयाना राशि के प्राप्त निविदाओं पर गौर नहीं किया जाएगा.

4. पहले से किसी और सन्दर्भ में जमा कराई गई बयाना राशि को इस काम के लिए नहीं माना जाएगा.

5. सफल बोलीदाता को, जिसे उपरोक्त सामान उठाने का ठेका दिया जायेगा, उसे ठेका मिलने की 5 कार्य दिवस के अन्दर कुल मूल्य का धनादेश संयुक्त सचिव (प्रशासन), वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली- 110001 के नाम किसी राष्ट्रीकृत बैंक से बनवाकर इस कार्यालय को जमा करवाना होगा।

6. सफल बोली दाता जिसको उपरोक्त सामान उठाने का ठेका मिल जाता है, को बताए गए स्थान से अपने मजदूर लगा कर अपने बैगों में भर कर गेट पास बनवा कर बाहर ले जाना है. बिका हुआ सामान महीने में कम से कम एक बार या जब जब ऐसा करने को कहा जाए उठाना होगा. इस बीच में सामान को उपयुक्त अवधि के बाद बैगों में भर कर बताए गए स्थान पर सम्हाल कर रखना होगा।

7. ठेके के अन्तर्गत आने वाले सामान को बताए गए स्थानों से इस काम के लिए नियुक्त सरकारी कर्मचारी की देख रेख में ही ठेकेदार अथवा उसके मज़दूरों द्वारा बैगों में भरा जाएगा.

8. अपने सामानों को हटाने व भरने के समय सरकारी सामान की टूट फूट व अन्य किसी भी प्रकार के सामान को हानि होने पर ठेकेदार से उसकी क्षतिपूर्ति की जाएगी।

9. संयुक्त सचिव (प्रशासन), वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली- 110001 को किसी भी निविदा को स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार है।

10. अनचाहे निविदा यदि प्राप्त होते हैं तो उन पर गौर नहीं किया जाएगा।

16/7/18

भण्डार एवं क्रय अधिकारी

कोटेशन

संख्या : 13 – 4 (2)/2018-19/Disposal/Waste paper                    दिनांक: 16/07/2018

संयुक्त सचिव (प्रशासन),
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई
दिल्ली- 110001

विषय : पुरानी पुस्तकों, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, रिकार्ड, रद्दी कागज आदि के निपटान हेतु वार्षिक अनुबन्ध

महोदय,

आपके पत्र संख्या 13 – 4 (2)/2016-17/Disposal/Waste paper दिनांक 16/07/2018 के सन्दर्भ में , निवेदन है कि मैं ने आपके निविदा प्रपत्र में दी गई शर्तें पढ़ ली हैं तथा मैं इन सभी को मानने के लिए तैयार हूँ. अंत: हम अपनी दरें निम्न प्रकार से आपके विचार करने हेतु भेज रहे हैं.

| क्र.सं. | सामान का नाम | पूरे कलैण्डर वर्ष हेतु ऑफर रुपए में | | आफर मूल्य जी एस टी के साथ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरानी पुस्तकें, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, रिकार्ड, रद्दी कागज आदि (2500 किलो के लिए) | बोली मूल्य प्रति कि.ग्रा.अंकों में (बिना जी एस टी ) | बोली मूल्य प्रति कि. ग्रा. शब्दों में (बिना जी एस टी ) | **बोली मूल्य प्रति कि. ग्रा. जी एस टी के साथ (दर जो भी लागू हो)** |
| | | | | |

वांछित ` 5000.00 धनराशि का धनादेश संख्या ________________ दिनांक __________ जो कि

_____________________________________________ बैंक की ______________________

स्थित शाखा से आहरित बयाना राशि के रूप में संलग्न है.

भवदीय,

हस्ताक्षर________________________

नाम ________________________

फर्म का नाम व पता ______________________________

______________________________

______________________________

मो. सं. ________________ लैण्ड लाइन सं. ____________

फर्म की रबर स्टाम्प